an>

Title: Regarding upgradation of Central Horticultural Experiment Station, Vejalpur in Gujarat as National Tribal Horticulture Institute

श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ (पंचमहल): माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी से अनुरोध है कि विगत कई वर्षों से गोधरा तथा आस पास के आदिवासी किसानों द्वारा केन्द्रीय बागवानी परिक्षण केन्द्र वेजलपुर, ता0 कालोल, जिला पंचमहल, गुजरात को अपग्रेड कर राष्ट्रीय आदिवासी बागवानी संस्थान बनाने हेतु मांग की जा रही है । इस उपकेन्द्र को अपग्रेड करने से गुजरात के आदिवासी और गरीब किसानों के जीवन में महत्वपूर्ण (आर्थिक एवं सामाजिक) सुधार होगा लेकिन उप-केन्द्र होने की वजह से स्थानीय आदिवासी किसानों को जितना लाभ होना चाहिए अभी तक नही हुआ है । किसानों की मांग एवं संवेदना को ध्यान में रखते हुए इस उपकेन्द्र को संस्थान के रूप में प्रस्थापित किया जाना अत्यंत आवश्यक है । अतः माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि केन्द्रीय बागवानी परिक्षण केन्द्र वेजलपुर तहसील - कालोल, जिला पंचमहल, गुजरात को अपग्रेड कर राष्ट्रीय आदिवासी बागवानी संस्थान बनवाने की कृपा करें ।